Title: Requests the Central Government to intervene to solve the problems of milk producers in Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश, जो हिन्दुस्तान का बहुत बड़ा प्रदेश है, इन दिनों वहां का मध्य प्रदेश दुग्ध संघ बेहद आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। मध्य प्रदेश दुग्ध संघ की ओर से किसानों को लाखों की तादाद में जो राशि देनी है, वह राशि भी दुग्ध उत्पादकों को नहीं मिली है। मुख्य मंत्री और सम्बन्धित विभागीय मंत्री के बीच गंभीर विवाद हो रहा है और जो करोड़ों के घोटाले हो रहे हैं, उसके कारण पूरे प्रदेश के दुग्ध उत्पादक प्रभावित हैं, पीड़ित है। मैं भारत सरकार से इसमें हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं।